मेरी बांके बिहारी जू से प्रीत ये दुनिया जान गई

मेरी बांके बिहारी जू से प्रीत ये दुनिया जान गई,
जान गई पहचान गई जान गई पहचान गई,
मुझे मिल गया मन का मीत ये दुनिया जान गई,
मेरी बांके बिहारी जू से प्रीत ये दुनिया जान गई...

बांके बिहारी जु की बांकी बांकी गलियां,
बांकी बांकी गलियां ये टेढ़ी मेढ़ी गलियां,
उन गलियों में गाऊंगा मै गीत,
ये दुनिया जान गई.......

बांके बिहारी जु की बांकी बांकी बाँसुरिया,
बांकी बाँसुरिया ने मिठो सूरलिया,
मैने सुना वाहा संगीत,
ये दुनिया जान गई........

बांके बिहारी जु के बांके बांके पागल,
इन पगलो ने किया है जग घायल,
तेरी बांकी प्रीत की रीत,
ये दुनिया जान गई......

स्वर : चित्र विचित्र

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3485/title/meri-banke-bihari-ju-se-preet-ye-duniya-jaan-gai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |